**जल संकट.** जमाडा कर्मियों के कार्य बहिष्कार आंदोलन से जलापूर्ति प्रभावित, इधर बिजली संकट के कारण शहर को नहीं मिला पानी

# बूंद-बूंद के लिए तरसता रहा शहर से लेकर गांव


संवाददाता ▸ धनबाद

42 माह के वेतन भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार से जमाडा के कर्मी हड़ताल पर चले गये. इसका असर पूरे कोयलांचल में पड़ा. इधर मंगलवार की रात विद्युत आपूर्ति में आयी खराबी के कारण भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जलापूर्ति नहीं हो पायी. खराबी दूर करने में 12 घंटे का समय लगा. इस वजह से बुधवार को मोटर चालू किया गया. बावजूद इसके गुरुवार को शहर के सभी जलमीनार से सप्लाई नहीं हो पायी. 19 में से सात जलमीनार सूखे रह गये और शहर पानी के लिए तरसता रहा.

**इन जल मीनारों से नहीं हुई सप्लाई :** सात जल मीनारों से सप्लाई नहीं होने के कारण करीब दो लाख की आबादी प्रभावित हुई. पुराना बाजार, मनइटांड़, भूदा, धनसार, वासेपुर, मेमको व भूली जल मीनार से जुड़े क्षेत्र के लोगों को संकट का सामना करना पड़ा.

**भौंरा.** पूर्वी झरिया क्षेत्र में बुधवार से पानी की सप्लाई नहीं होने से भौंरा, मोहलबनी क्षेत्र में करीब 50,000 लोग पानी के लिए परेशान है. लोग तीन-तीन किलोमीटर दूर से पीने का पानी ला रहे हैं. वहीं नहाने के लिए दामोदर नदी जा रहे हैं. भौरा प्रबंधन का कहना है कि नदी किनारे पानी सप्लाई वाला मोटर खराब हो गया है, जिसके कारण पानी बंद है. काम हो रहा है. जल्द ही पानी की सप्लाई की जायेगी.

**केंदुआ.** कुसुंडा स्थित जलापूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय के जमाडा कर्मियों ने गुरुवार को हाजिरी बना कार्य बहिष्कार किया. इस कारण अवर प्रमंडल कार्यालय कुसुंडा से क्षेत्र में किये जाने वाला पेयजल सप्लाई ठप रहा. केंदुआ, गोधर, गंसाडीह, कुर्मिडीह, बसेरिया सहित आस-पास के इलाकों में रहने वाले 40 हजार से ज्यादा की आबादी को पानी नहीं मिला. जमाडा जेइ विजय कुमार ने बताया की वार्ता का प्रयास जारी है, जल्द ही मामला सुलझा लिया जाएगा.



चापाकल पर पानी भरते लोग. प्रभात खबर

## झरिया की 10 लाख की आबादी को नहीं मिला पानी

**झरिया.** जमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा के कर्मी सुबह प्रथम पाली में 28 मजदूरों ने हाजिरी बना कर कोई काम नहीं किया. इससे नौ व 12 एमजीडी जल भंडारण गृह में पानी स्टोर करने का कार्य बाधित रहा. इस कारण झरिया व आस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप रही. लगभग 10 लाख की आबादी पानी के लिए तरसती रही. इधर, कार्य बहिष्कार की सूचना पाकर कर्मियों को समझाने के लिए जमाडा के तकनीकी सदस्य( टीएम) इंद्रेश शुक्ला जामाडोबा वाटर प्लांट पहुंचे, लेकिन कर्मियों का आक्रोश देख वह बैरंग लौट गये. इस दौरान आक्रोशित मजदूरों ने जमाडा के प्रबंध निदेशक के खिलाफ प्लांट परिसर में प्रदर्शन किया. नेतृत्व विशेश्वर महतो किया. कहा कि कर्मचारियों को भुखमरी से बचाने के लिए पांच माह का वेतन तो भुगतान करना ही होगा. प्रदर्शन कारियों में जमील अख्तर, मंगली हाड़ीन, बुलाई देवी, गणेश मिस्त्री, काशी महतो, जय किशन प्रसाद, मुमताज आलम, अर्जुन महतो आदि थे. जमाडा के तकनीकी सदस्य( टीएम) इंद्रेश शुक्ला ने बताया कि फंड की कमी है. एक माह का वेतन दिया जा रहा है, लेकिन कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हैं. आंदोलन जारी रहने पर जलापूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी.



जामाडोबा वाटर प्लांट में जमाडा के तकनीकी सदस्य ( टीएम) इंद्रेश शुक्ला.


**लोगों में आक्रोश :** वही शनिवार को मुसलमानों का पर्व बकरीद है. साथ ही तीन अगस्त को हिंदुओं का पर्व रक्षा बंधन भी है. जलापूर्ति नहीं होगी तो त्योहार कैसे मनाया जायेगा. इसे लेकर लोगों में आक्रोश है

## तोपचांची से तिलाटांड़ जाने वाला पानी रोका गया



**तोपचांची.** जमाडा कर्मचारियों ने गुरुवार की सुबह वाटरबोर्ड झील स्थित फ़िल्टर हॉउस से तिलाटांड़ रिजर्वायर तक जानेवाली पाइप लाइन बंद कर दी. कर्मचारी मेन गेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. मौके पर झामुमो यूनियन के पदाधिकारी मो असलम, हरि महततो, सीताराम महतो, जीव लाल महतो, फोगनी देवी, मंजू देवी, नेमचंद ठाकुर, प्रदीप हाड़ी, महेश महतो, साहेब हाड़ी, मोहम्मद नौशाद, दिनेश हाड़ी, छोटू हाड़ी, गणेश हाड़ी, सुखदेव मांझी, महेश महतो आदि उपस्तिथ थे.

## तेतुलमारी में कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार



**तेतुलमारी.** अपनी मांगों को लेकर जमाडा कर्मियों ने प्राधिकार के तेतुलमारी कार्यालय के समक्ष कार्य बहिष्कार के दौरान नारेबाजी की. मौके पर असलम खान, झरी महतो, सुरेश चंद्र मंडल, प्रदीप दत्ता, छोटन हरि, मो मुख्तार, अहमद हुसैन, सगीर अंसारी, अयोध्या महतो, नंदलाल प्रसाद, रामचंद्र राम आदि शामिल थे. हड़ताल से कतरास कोयलांचल में भी पानी की घोर किल्लत हो गयी है.


## जल संकट से परेशान जेसी मल्लिक पांडेय मुहल्ला के लोग

**धनबाद.** शहर के हर- गली मुहल्ले के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं. जल मीनार से जुड़े अंतिम छोर तक पानी बमुश्किल से पहुंच रहा है. इसी समस्या से जेसी मल्लिक पांडेय मुहल्ले के लोग भी परेशान हैं. मुहल्ले के करीब 50 घरों के लोग तीन महीने से जलसंकट से जूझ रहे हैं. लोगों ने बताया कि समस्या की जानकारी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को भी दी गयी है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ.

**बाहर से लाना पड़ रहा है पानी :** कुछ घर में तो मोटर लगे हुए हैं. इस कारण बोरिंग का पानी से उनका काम चल रहा है, लेकिन कुछ घर ऐसे हैं जिन्हें बाहर से सप्लाई का पानी लाना पड़ रहा है. टंकी में पानी नहीं चढ़ने के कारण लोग स्टॉक में पानी जमा कर के रख रहे हैं.

**तीन दिनों के बाद मिला पानी :** लोगों ने बताया कि तीन दिनों के बाद गुरुवार की दोपहर में पानी सप्लाई हुई है. वह भी 15 से 20 मिनट के लिए. प्रेशर कम होने का कारण बमुश्किल से पांच से छह गैलन ही पानी मिल रहा है. जबकि खपत इससे अधिक है. विकल्प के तौर पर बाहर के चापाकल से पानी लाना पड़ता है.

### लोगों का दर्द : नहीं मिल रहीं सुविधाएं



तीन दिनों के बाद पानी चला वह भी मात्र 20 मिनट के लिए. प्रेशर कम होने के कारण पानी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है ना ही जरूरत भर पानी मिल रहा है.

**हीरालाल पांडेय**



टंकी में पानी स्टोर नहीं होने के कारण घरेलू काम करने में परेशानी होती है. पहले नल खोल कर पानी ले लेते थे, अब बाल्टी से पानी लाकर काम करना पड़ता है.

**रिंकू देवी**



पहले प्रेशर ठीक था. इधर तीन महीने से बहुत ज्यादा संकट बढ़ गया है. बोरिंग का पानी टंकी पर चढ़ा कर काम करना पड़ रहा है.

**मोहन राम**

### 'अधिकारियों की लापरवाही से पानी-बिजली संकट'

**धनबाद.** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिले के पेयजल व स्वच्छता विभाग व बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण पिछले कुछ दिनों से बिजली एवं पानी की समस्या उत्पन्न हुई है. मामले में जानबूझकर राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है.

## जलापूर्ति बाधित करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

- जमाडा के एमडी से जलसंयंत्रों को चालू कराने का आदेश

विशेष संवाददाता ▸ धनबाद

उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार उमा शंकर सिंह ने झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (जमाडा) के प्रबंध निदेशक को जलापूर्ति व जल संयंत्रों का कार्य तत्काल प्रभाव से बहाल करने का आदेश दिया है. उपायुक्त ने कहा कि जल मूलभूत आवश्यक सुविधा है, आपदा के समय में उसे बाधित करना भारत सरकार तथा झारखंड सरकार के निर्देशों का उल्लंघन है. उपायुक्त ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या संघ, जो जलापूर्ति का कार्य (जामाडोबा एवं अन्य जल संयंत्रों में) बहाल करने में बाधा उत्पन्न करते हैं तो उनके विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 के तहत कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने इस आदेश को गंभीरता से लेने को कहा है. साथ ही प्रबंध निदेशक को कर्मियों से समन्वय स्थापित कर समस्या के निराकरण के लिए प्रयासरत रहने का निर्देश दिया है.

### बैंक बंद रहने से नहीं हो पा रहा भुगतान : एमडी

दूसरी तरफ, जमाडा के प्रबंध निदेशक ने उपायुक्त को बताया कि 29 जुलाई की मध्य रात्रि से कार्य बहिष्कार कर जलापूर्ति बाधित की गयी है. जमाडा के निदेशक ने मोहम्मद असलम तथा विशेश्वर महतो को वार्ता के लिए बुलाया था. परंतु वे अनुपस्थित रहे. उन्होंने बताया कि कर्मियों का एक माह का वेतन का चेक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा बैंक मोड में दिया गया है. लेकिन, कोरोना संक्रमण के कारण बैंक की शाखा सील है. इसलिए भुगतान नहीं हो पाया है.


**In Loving Remembrance**



Two years have passed since you passed away this day suddenly in New York, USA. The void is tearful. We believe your soul is resting in peace at the mercy of almighty God. That is our only solace.

(Late) Shyama K. Kachhap (15.09.1957 - 31.07.2017)

Jitu Munda (Husband)
Retd. from Embassy of India, Lima (Peru).
Shailesh Nag (Son)
Rahul Nag (Son)

Address : House No. 255/C, Kanke Road, Ranchi

EESL

एनर्जी एफिशियंसी सर्विसेज़ लिमिटेड
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम)
पूर्वी क्षेत्रीय क्लस्टर कार्यालय
हल्दिया पेट्रोकैमिकल, यूनिट-1, 10 एफ, सैक्टर-V, साल्ट लेक, कोलकाता-700091

सूचना

निविदा सं. ईईएसएल/कोल/2020/एम्पैनलमैंट/सोलर पीवी/62जी-ए    दिनांक: 29.07.2020

कार्य का नाम : भारत के पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं उत्तर पूर्वी राज्यों (असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम) में सौर पीवी आधारित परियोजनाओं हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के सर्वेक्षण, तैयारी तथा जमा करने के लिए एजेंसियों/परामर्शदाताओं का नामांकन।

दस्तावेज जमा करना प्रारंभ होने की तिथि : 03.08.2020 (सोमवार) दोपहर 2:30 बजे
दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि : 24.08.2020 (सोमवार) सायं 5:00 बजे

संपर्क ई-मेल : sdutta1@eesl.co.in, टेलीफोन : 033-46022678, बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ईओआई दस्तावेजों को डाउनलोड करने (03.08.2020 से उपलब्ध होंगे) और आगे की जानकारी/अपडेट प्राप्त करने के लिए बार-बार ईईएसएल की आधिकारिक वेबसाइट (www.eeslindia.org) के टेंडर सेक्शन को देखें तथा ईओआई दस्तावेज में दर्शाये गए अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए ईईएसएल पूर्वी क्षेत्रीय क्लस्टर कार्यालय : हल्दिया पेट्रोकैमिकल, यूनिट-1, 10एफ, सैक्टर-V, साल्ट लेक, कोलकाता-700091 से संपर्क करें।

ऊर्जा दक्ष भारत का निर्माण करते हुए


## कुसुम विहार व विकास नगर ओल्ड डॉक्टर्स कॉलोनीवासियों ने कहा : टैक्स भी भरें व पानी के लिए भी तरसें

कुसुम विहार में जुलाई माह में सप्लाइ वाटर नहीं आया है. यहां के लोगों को टैंकर से पानी मंगाना पड़ रहा है. लोगों ने कहा कि गर्मी में पानी की किल्लत झेलते ही हैं, बरसात में भी झेल रहे हैं. सांसद, विधायक, पेयजल विभाग सभी जगह आवेदन देकर समस्या का निदान का आग्रह किया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. यही हाल विकास नगर ओल्ड डॉक्टर्स कॉलोनी का हैं. मुहल्ले वासियों ने कहा कि पानी तो रोज की समस्या बन गयी. शिकायत करके थक चुके हैं. कार्रवाई तो होती नहीं है, बस टैक्स जमा करने का बिल आ जाता है.



जुलाई के शुरुआत से ही पानी नहीं मिल रहा है. टैंकर से पानी खरीदना पड़ रहा है. एक हजार रुपये प्रति टैंकर पानी आता है. टैक्स भी भरें और पानी भी खरीदें यह कैसा न्याय है.

**मनीष कुमार सिंह,** कुसुम विहार



10 दिनों से पानी नहीं आ रहा है. पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है. बरसात में तो जलस्तर बढ़ जाता है, फिर पानी की समस्या क्यों हो रही है समझ में नहीं आ रहा है.

**गुंजन सिंह,** विकास नगर



पानी की समस्या कम होने की जगह बढ़ती जा रही है. हमलोग विधायक राज सिन्हा के पास भी गये थे. उनसे मुलाकात नहीं हुई, आवेदन देकर चले आये. समस्या का निदान कौन करेगा.

**दीपक सिंह,** कुसुम विहार



पासवान एरिया में पानी आ रहा है और हम बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं. बहुत बार शिकायत कर चुके हैं कोई सुनता ही नहीं है. अब तो विभाग वाले फोन भी नहीं उठा रहे हैं. समस्या का जल्द समाधान हो.

**जॉली शर्मा,** विकास नगर

## एस्बेस्टस तोड़ दुकान से एक लाख की चोरी

**केंदुआ.** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गोधर मोड़ स्थित मुस्कान प्रिंटर्स एंड डेकोरेटर्स दुकान की छत का एस्बेस्टस सीट तोड़कर अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखे चार हजार रुपये नगद सहित एक लाख का सामान चुरा लिया. दुकानदार बिनोद रवानी ने बताया : गुरुवार को किसी जरूरी काम से दोपहर तीन बजे भाई अजय ने दुकान खोला तो घटना की जानकारी हुई. मामले की सूचना केंदुआडीह पुलिस को दे दी गयी है.

### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल के दो व यांत्रिक के इइ का स्थानांतरण

**धनबाद.** पेयजल व स्वच्छता विभाग प्रमंडल के दो कार्यपालक अभियंता संजय कुमार और यांत्रिक के कार्यपालक अभियंता अरशद अली का स्थानांतरण गुरुवार को हुआ. संजय कुमार को चाइबासा और अरशद अली को रांची भेजा गया है. वहीं चाइबासा के सहायक अभियंता भीम राम भगत को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल टू का प्रभारी कार्यपालक अभियंता बनाया गया है, जबकि दुमका के तकनीकी सलाहकार मयंक कुमार भगत को यांत्रिक का कार्यपालक अभियंता बनाया गया है.

## झरिया से पकड़ा गया साइबर अपराधी

- दूसरे साथी की तलाश जारी
- जामताड़ा गिरोह के लिए कर रहा था कैरियर का काम

वरीय संवाददाता ▸ धनबाद

साइबर अपराधियों के शिकार हुए लोगों की राशि निकाल कर पहुंचाने के आरोप में एक युवक को साइबर थाना की पुलिस ने बुधवार को झरिया के एक एटीएम से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के धोबाटांड़ निवासी दुर्गा दोरजी का 20 वर्षीय पुत्र विशाल दोरजी है. इसके साथ इस काम में बैंक मोड़ के और भी दो तीन युवक है. पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. साइबर डीएसपी सुमित सौरभ लकड़ा ने बताया : साइबर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों का एक गिरोह धनसार और बैंक मोड़ थाना क्षेत्र में सक्रिय है. साइबर थाना प्रभारी नवीन कुमार राय व जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में चार टीम गठित की गयी. बुधवार को चारों टीम एक साथ कई जगहों पर निगरानी रखे हुए थी. इसी दौरान विशाल दोरजी झरिया स्थित एक बैंक के एटीएम से कार्ड लेस ट्रांजेक्शन करते हुए पकड़ा गया है. इसके पास से एटीएम से निकाले हुए 14 हजार रुपये व मोबाइल फोन जब्त किया गया. इसमें संदिग्ध डाटा मिला है.

**गिरोह के लिए करता है काम :** पुलिस ने बताया : विशाल दोरजी के साथ धोबाटांड़ के ही रविकांत व अन्य दो तीन युवक जामताड़ा गिरोह के लिए काम कर रहे हैं.

**कैसे करते थे ठगी :** साइबर डीएसपी सुमीस सौरभ लकड़ा ने बताया कि यह साइबर अपराधी एक संगठित अपराध गिरोह का हिस्सा है. ठग किसी खाते में ठगी की राशि मंगवाते हैं और उसके बाद उस खाताधारक द्वारा एक पिन जनरेट किया जाता है और विशाल जैसे अपराधियों को सौंपा जाता है. और ये लोग उस पिन से एटीएम से राशि का निकासी करते हैं. श्री लकड़ा ने बताया कि इसमें जामताड़ा गिरोह का हाथ है और इसमें कई युवक लगे हुए हैं.

**एक हजार रुपये में करते हैं काम :** पुलिस के अनुसार धनबाद में 15 से 20 युवक कैरियर का काम कर रहे हैं. इन्हें एक दिन की राशि निकालने के बदले एक हजार रुपये प्रतिदिन मिलता है. प्रतिदिन इस तरह से 15 से 20 स्थानों से इन युवकों द्वारा राशि की निकासी की जाती है. इस राशि को धनबाद शहर में रहने वाले एक युवक को सौंपा जाता है और वह पैसा जामताड़ा पहुंचाता है. कई लोगों को कमीशन पर भी रखा गया है.

### फेसबुक हैक कर रिश्तेदारों से मांगा 15-15 हजार

**धनबाद.** धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर निवासी शुभेंदुदेव बर्मन के फेसबुक एकाउंट को हैक कर साइबर अपराधियों ने उसके रिश्तेदारों से 15-15 हजार रुपये मैसेंजर के जरिये मांगा. इसकी जानकारी शुभेंदुदेव बर्मन को लगी तो उन्होंने तुरंत अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट कर इसकी जानकारी अपने सभी फेसबुक मित्रों की दी. उन्होंने धनबाद साइबर थाना में इसकी लिखित शिकायत भी की है. उन्होंने बताया : हैकर ने उनके मित्रों को संदेश भेजकर बताया कि वह दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती हैं. इलाजे कि लिए पैसे खत्म हो गये हैं. तत्काल उन्हें 15000 रुपयों की जरूरत है. हैकर ने पैसे भेजने के लिए अपना खाता नंबर, नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया है. हैकर ने नजर महम्मद के नाम पर पैसे भेजने की बात कही है. यह संदेश बर्मन के चार रिश्तेदारों को भेज गया है. जब रिश्तेदारों ने फोन कर बर्मन का हाल जानना चाहा तो मामले का खुलासा हुआ.


आज के समय की सबसे बड़ी जरुरत है
स्ट्रांग इम्युनिटी
"जौली तुलसी 51" एक प्रमाणित इम्युनिटी वर्धक है
जिसके परिणाम Lab tested है।




कैसे काम करता है Jolly Tulsi 51
इम्युनिटी अगर मजबूत हो तो वायरस बैक्टीरियाँ, फ्लू, आदि के संक्रमण से बचा जा सकता है। जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स पर किये एक लैब टैस्ट (Clinical Trial) में ये साबित हुआ है कि जिन लोगों ने जौली तुलसी 51 का नियमित सेवन किया उनकी इम्युनिटी काफी हद तक बढ़ी है।
पाँच तरह की तुलसीयों से बहुत ही खास विधि द्वारा तैयार अर्क

JOLLY
CLINICALLY TESTED
तुलसी 51 ड्रॉप्स
बस 5 बूंदें रोज पियें, स्वस्थ निरोगी जियें...
जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स की लोकप्रियता का फायदा उठाने के लिए बाजार में मिलते जुलते नाम से अनेको तुलसी ड्रॉप्स आ गये है जो ग्राहकों में भ्रम पैदा करते है।
याद रहे जैसे हर पीली चीज़ सोना नही होती वैसे ही हर तुलसी ड्रॉप्स "जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स" जैसी नही होती।
इसलिए स्टोर से तुलसी ड्रॉप्स नही जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स ही मांगे।
वर्षों पुराना और प्रसिद्ध इम्युनिटी बूस्टर जिसके परिणाम विश्वसनीय और लैब प्रमाणित हैं
Jharkhand: S.S»Ganpati Ayurved Bhawan, Ranchi : 9297781750    0161-520-1523